MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -47 मंदसौर, 13 मई 2026 बुधवार से 19 मई 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# प्राचार्य पर दिव्यांग कर्मचारी से मारपीट का आरोपन्एनएसयूआइ ने थाने पर किया प्रदर्शन, पुलिस ने खदेड़ा; विधायक थाने पहुंचे

मंदसौर । शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) के प्राचार्य पर चतुर्थ श्रेणी दिव्यांग कर्मचारी के साथ मारपीट और प्रताड़ना के आरोप को लेकर मंगलवार को शहर का माहौल गर्मा गया। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं ने वायडी नगर थाने पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान थाने के बाहर चक्काजाम कर दिया गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाया और कुछ कार्यकर्ताओं को थाने के अंदर बैठाया।

### सड़क पर लेट गया कार्यकर्ता

कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता वायडी नगर थाने पहुंचे। यहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विरोध के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। एक कार्यकर्ता सड़क पर लेट गया, जबकि अन्य कार्यकर्ता राहगीरों को रोकते नजर आए। भीषण गर्मी और जाम के कारण आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया। जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें धक्का देकर खदेड़ा और घसीटते हुए सड़क से हटाया। कुछ कार्यकर्ताओं को थाने के अंदर ले जाकर बैठाया गया।

### विधायक विपिन जैन पहुंचे थाने

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विधायक विपिन जैन को फोन कर मौके पर बुलाया। कुछ देर बाद विधायक थाने पहुंचे और थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय से चर्चा की।

विधायक विपिन जैन ने कहा कि पुलिस कई मामलों में आवेदन मिलते ही तत्काल कार्रवाई कर देती है, लेकिन इस मामले में नियमों का हवाला देकर 15 दिन की जांच की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तीन दिन के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया है, अन्यथा जिलेभर के दिव्यांगों के साथ थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं के साथ बदतमीजी बर्दाश्त नहीं - विधायक

थाने के भीतर हुई चर्चा के दौरान विधायक और थाना प्रभारी के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। विधायक विपिन जैन ने थाना प्रभारी को उंगली दिखाते हुए कहा कि, ÷ईमानदारी से काम करें। इस शहर के नागरिक हमारे नागरिक हैं। उन्हें समस्या आ रही है तो न्याय मिलना चाहिए। कार्यकर्ताओं को हटाइए, लेकिन महिलाओं को धक्का देना और बदतमीजी करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक ने आगे कहा कि प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना ही पड़ेगी, अन्यथा वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि, ÷बहुत गलतफहमी में हो, मैं एक हजार पर भारी हूं। आपके यहां कोई न्याय के लिए आता है तो उसे न्याय मिलना चाहिए।÷

### 8 मई की घटना को लेकर बढ़ा विवाद



पूरा मामला 8 मई 2026 का बताया जा रहा है। आरोप है कि पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्योतिस्वरूप दुबे ने कॉलेज के दिव्यांग कार्यालय सहायक परेश बारवाल को थप्पड़ मार दिया था। पीड़ित कर्मचारी और उसके परिजनों ने इस संबंध में वायडी नगर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से नाराजगी बढ़ गई।

### थाना प्रभारी बोले – जांच जारी है

मामले में शिवांशु मालवीय ने कहा कि आवेदन मिलने के बाद जांच प्रक्रिया के लिए समय दिया जाता है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी।

वहीं पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. ज्योतिस्वरूप दुबे ने मारपीट के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी परेश बारवाल अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहता था। इसी बात को लेकर उसे फटकार लगाई गई थी, लेकिन किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई।

### तीन दिन में कार्रवाई का आश्वासन

काफी देर तक चले हंगामे और विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस द्वारा तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर मामला शांत हुआ। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। हालांकि विधायक और थाना प्रभारी के बीच हुई तीखी बातचीत अब चर्चा का विषय बनी हुई है।

# कलेक्टर ने फायर ब्रिगेड-एंबुलेंस दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

## समीक्षा बैठक में पेयजल, गेहूं खरीदी और फायर एनओसी पर अधिकारियों को सख्त आदेश

मंदसौर । कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिले के सभी नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं अन्य आवश्यक वाहनों को पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्मी में पेयजल व्यवस्था पर विशेष फोकस

कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। जहां भी पेयजल संबंधी समस्या सामने आए, उसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने सभी सीएमओ को जल स्रोतों की नियमित जांच कराने और पानी चोरी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बारदानों की उपलब्धता एवं मंडी दरों की जानकारी ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित फील्ड भ्रमण कर उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने तथा किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

### नई जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले में नवीन जल संरचनाओं को चिन्हित कर उनके निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समय पर ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने को कहा गया।




बैठक में संबल अनुग्रह सहायता, संबल पंजीयन एवं भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अदिति गर्ग ने स्वास्थ्य विभाग को फायर एनओसी संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों को निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता बनाए रखने के लिए भी कहा गया।

# संपादकीय

## शाह के दांव से ममता चारों खाने चित !

पिछले तीन-चार महीनों में मैं जितने भी गैरभाजपाई नेताओं से मिला, सब यह कह रहे थे कि दीदी यानी ममता बनर्जी को हराना मुश्किल है। वो साम, दाम, दंड, भेद में माहिर हैं, बंगाल की नब्ज उनके कब्जे में है। यहां तक कि कुछ भाजपा नेता भी दबे स्वर में कह रहे थे कि शायद दीदी जीत जाएंगी। मगर मेरा आंकलन था कि अमित शाह के चक्रव्यूह को तोड़ना ममता के लिए आसान नहीं होगा। पश्चिम बंगाल में रोड शो करके लौटे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मुझसे कहा था कि भाजपा यदि 200 से ज्यादा सीटों पर जीते तो आश्चर्य मत कीजिएगा। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कुछ परिचितों से मेरी लगातार बातचीत हो रही थी और सबका यही कहना था कि यदि तृणमूल कांग्रेस की दबंगई पर लगाम लग गई तो फिर भाजपा को सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता और अंततः वही हुआ। अमित भाई शाह ने ऐसी नकेल कसी कि तृणमूल के दबंग दड़बे से बाहर ही नहीं निकल पाए। केंद्रीय पुलिस बलों के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात थे ताकि कोई किसी को वोट देने से नहीं रोक सके। इस बार चुनाव आयोग ने देशभर से जांबाज अधिकारियों को चुनाव पर्यवेक्षक बना कर वहां भेजा। चुनाव पर्यवेक्षक बन कर पश्चिम बंगाल पहुंचे यूपी के जांबाज डीआईजी अजय पाल शर्मा का वो वीडियो आपने जरूर देखा होगा कि किस तरह से वे जहांगीर नाम के एक प्रत्याशी के मोहल्ले में पहुंच कर चेतावनी दे रहे हैं कि फिर किसी को धमकाने की सूचना मिली तो खैर नहीं। जहांगीर वो शख्स है जिसके लोग मतदाताओं को धमका रहे थे कि भाजपा को वोट दिया तो टुकड़े कर देंगे। फालता विधानसभा क्षेत्र में जहांगीर का सिक्का चलता है, वह ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक का बहुत करीबी है। मगर अजय पाल शर्मा वो शख्स हैं जिनके नाम से ही अपराधी कांपते हैं। उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। भयमुक्त चुनाव को लेकर चुनाव आयोग तो सजग था ही, अमित शाह ने कार्यकर्ताओं में इतनी हिम्मत और निडरता भर दी थी कि वे दबंगों का मुकाबला करने को तैयार थे। शाह पूरे 15 दिन पश्चिम बंगाल में रहे और हर जोन में उन्होंने रात्रि प्रवास किया। रात 12 बजे के बाद तक वे बैठकें ले रहे थे। उनका लक्ष्य बहुत साफ था कि मतदान के दिन सुबह 11 बजे तक भाजपा के सारे वोट सौ फीसदी पड़ जाएं। एसआईआर में लगभग 91 लाख अवैध मतदाताओं के नाम कट जाने से ममता की कमर पहले ही टूट चुकी थी। शाह की व्यूह रचना ने उन्हें धराशायी कर दिया। ममता फाइटर हैं लेकिन इस बार शेर को सवा शेर मिल गया। अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद अमित शाह ने 50 से ज्यादा सभाएं और रोड शो किए। उनकी कुछ घोषणाओं ने तो जनता का दिल ही जीत लिया। उन्होंने कहा कि गुंडे घर से बाहर न आएं वरना गुंडों को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। उन्होंने हुंकार भरी कि बंगाल की धरती पर बाबरी मस्जिद नहीं बनने देंगे। उन्होंने घोषणा कर दी थी कि भाजपा सरकार बनते ही भारत-बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग के लिए 45 दिनों के भीतर जमीन दे देंगे। सीमा पर फेंसिंग के लिए ममता सरकार जमीन नहीं दे रही थी। खुली सीमा से बांग्लादेशी घुसपैठिए पश्चिम बंगाल में घुसते हैं। ममता पर आरोप है कि घुसपैठिए, उनके तंत्र की मदद से भारतीय नागरिक में परिवर्तित हो रहे हैं। बदले में वो टीएमसी को वोट देते रहे हैं। इधर अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं का ऐसा संयोजन किया कि सभी प्रमुख क्षेत्रों में लोग उन्हें सुन पाएं। प्रधानमंत्री ने 19 जिलों में 24 स्थानों पर सभाएं कीं, रोड शो किए, उन्होंने ढाई सौ से ज्यादा सीटों को कवर किया। चुनाव परिणाम आने के बाद प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि इस विजय के असली हकदार अमित भाई शाह हैं। अमित शाह ने 2014 में घोषणा की थी कि ममता बनर्जी की सरकार को पश्चिम बंगाल से उखाड़ फेंकेंगे। बारह साल जरूर लगे लेकिन उन्होंने जो ठाना था।

## फायर ब्रिगेड लेट होने पर व्यापारियों का चक्काजाम-नगर परिषद के बाहर जुटे; सीतामऊ बंद, आठ दुकानों में आग लगने से व्यापारी नाराज

मंदसौर। जिले के सीतामऊ नगर में रविवार देर रात बस स्टैंड क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड के बाद सोमवार को व्यापारियों और आमजन का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। नगर में सीतामऊ बंद के साथ व्यापारियों ने नगर परिषद का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़कर परिषद परिसर में प्रवेश किया और नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में व्यापारी लदुना चौराहे पहुंचे, जहां चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया गया। तीन घंटे से अधिक समय से चल रहे विरोध प्रदर्शन के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हैं।



**फायर ब्रिगेड की व्यवस्था पर उठे सवाल**

व्यापारियों का आरोप है कि नगर परिषद की लापरवाही और खराब फायर ब्रिगेड व्यवस्था के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे 7 से 8 दुकानें चपेट में आ गईं और करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारी हाथों में चूड़ियां लेकर पहुंचे और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर सवाल उठाए।

**एसडीएम समझाइश देने पहुंची फिर भी नहीं माने**

सीतामऊ एसडीएम शिवानी गर्ग ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि आज शाम तक सीतामऊ में अस्थायी फायर ब्रिगेड पहुंच जाएगी, जो स्थायी फायर ब्रिगेड आने तक यहीं तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि सीएमओ के खिलाफ रिपोर्ट कलेक्टर को भेज दी गई है और आगे की कार्रवाई कलेक्टर स्तर से की जाएगी।

वहीं आगजनी में दुकानों को हुए नुकसान का पंचनामा तैयार कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने की बात भी कही गई है। हालांकि आश्वासन के बावजूद ढाई घंटे बाद भी प्रदर्शनकारी स्थानीय विधायक हरदीप सिंह डंग को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रशासन लगातार लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहा है।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा





दूध डेयरी का सामान



डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।



साथ ही



आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।



L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920,
9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268




प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन




एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।




चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# पशुपतिनाथ मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व संस्कृति मंत्रालय करेगा आयोजन, पीएम मोदी का संबोधन लाइव होगा

मंदसौर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा सोमवार को भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के आराधना हॉल में ÷सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इतिहास की स्मृति समिति का कहना है कि इस आयोजन को भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पुनर्निर्माण और गौरवशाली इतिहास की स्मृति से जोड़कर देखा जा रहा है। ÷सोमनाथ स्वाभिमान पर्व÷ का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता को त्यागकर देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक चेतना को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों और आम लोगों को भारतीय इतिहास,



परंपराओं और राष्ट्रीय गौरव से प्रेरित किया जाएगा।

### विकसित भारत-2047 के संकल्प पर होगा जोर

कार्यक्रम में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को लेकर भी जनजागरण किया जाएगा। आयोजन के दौरान वक्ता सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और आत्मगौरव जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।


### जिलेभर में होंगे समानांतर कार्यक्रम

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर भी समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार-विमर्श, संवाद और लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गौरव से जोड़ना है।

### युवाओं और विद्यार्थियों की भागीदारी पर रहेगा जोर

आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। संस्कृति मंत्रालय इसे जनजागरूकता और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े महत्वपूर्ण अभियान के रूप में देख रहा है।




# पुलिस ने दूध टैंकर में डोडाचूरा पकड़ा

## सुवासरा में पिकअप से 94 किलो डोडा चूरा जब्त, एक गिरफ्तार




मंदसौर । जिले की सुवासरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दूध टैंकर बनी पिकअप वैन से भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है।

यह कार्रवाई रविवार को हुई, जब सुवासरा थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। नई आबादी धानखेड़ा के कच्चे रास्ते पर एक दूध टैंकर पिकअप वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर दूध के टैंकर के अंदर से 94 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से शामगढ़ थाने के डूंगरखेड़ी गांव निवासी आरोपी भारत सिंह को गिरफ्तार किया। जब्त डोडा चूरा की अनुमानित कीमत 1 लाख 88 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पूछताछ में आरोपी भारत सिंह ने बताया कि उसने यह डोडा चूरा डूंगरखेड़ी निवासी संदीप सिंह से भरवाया था। पुलिस अब फरार आरोपी संदीप सिंह की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह बघेल ने इस संबंध में जानकारी दी।






# गरोठ में 40 गुमटीधारकों पर संकट-कॉम्प्लेक्स निर्माण से रोजी-रोटी प्रभावित, धरने का कांग्रेस ने समर्थन किया



मंदसौर। जिले के गरोठ नगर में 40 गुमटी धारकों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नगर परिषद ने नवीन बस स्टैंड पर कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया है, जिसके बाद गुमटियां हटाने के नोटिस जारी किए गए हैं। इस फैसले के विरोध में गुमटी व्यवसायी रविवार से धरने पर बैठ गए हैं।

धरने को समर्थन देने के लिए मंदसौर जिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, गरोठ ब्लॉक कांग्रेस और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने गुमटी धारकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान ÷नगर परिषद हाय-हाय÷ और ÷अध्यक्ष को सद्बुद्धि जैसे नारे लगाए गए।

गुमटी धारकों का कहना है कि वे बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। यदि उनकी गुमटियां हटा दी जाती हैं, तो उनके बच्चों की शिक्षा और भोजन दोनों प्रभावित होंगे। उन्होंने नगर परिषद से एक साल की मोहलत देने या वैकल्पिक स्थान पर गुमटी लगाने की अनुमति देने की मांग की है।

### कांग्रेस पार्षदों पर आरोप

नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने कांग्रेस पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब परिषद में नवीन कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव पारित हुआ था, तब कांग्रेस के पार्षदों ने भी इसका समर्थन किया था। अब वही पार्षद धरने का समर्थन कर रहे हैं।

### यह रहे धरना स्थल पर मौजूद

धरना स्थल पर मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, मनजीत सिंह मनु, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ललित चंदेल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष महेश पाटीदार, भानपुरा जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल मेघवाल, गोपाल ननेरा और राम सिंह जादौन सहित कई कांग्रेस नेता और गुमटी व्यवसायी मौजूद रहे।

यह विवाद गरोठ नगर परिषद की विकास योजनाओं और स्थानीय व्यवसायियों की आजीविका के संरक्षण के बीच टकराव को दर्शाता है। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच कोई समाधान नहीं निकल सका है और गुमटी धारकों का धरना जारी है।

## सांवलिया सेठ दर्शन के लिए निकले युवकों की कार पलटी

### दो युवक घायल, सामने से आई कार को बचाने में हादसा



मंदसौर। जिले के दलोदा थाना क्षेत्र में आक्या गांव के पास रविवार को एक सड़क हादसा हो गया। सांवलिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए जा रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार वाहन सामने से आई एक अन्य कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल भेजा

हादसे की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले धुंधड़का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें शनिवार रात मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### कार में पांच युवक थे सवार

जानकारी के अनुसार कार में कुल पांच युवक सवार थे। ये सभी उज्जैन और शाजापुर से राजस्थान के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। दलोदा क्षेत्र में आक्या के नजदीक उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। इनमें उज्जैन निवासी 25 वर्षीय ऋषभ पाटीदार पिता राकेश पाटीदार के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोटें लगी हैं। वहीं शाजापुर निवासी 21 वर्षीय लक्की राठौर पिता गुड्डा राठौर के मुंह और पैर में चोटें आई हैं। दोनों घायलों का इलाज मंदसौर जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

### सांवलिया सेठ जा रहे थे

सांवलिया सेठ मंदिर दर्शन के लिए जा रहे सभी युवक शनिवार शाम उज्जैन से राजस्थान के लिए रवाना हुए थे। दलोदा थाना क्षेत्र में आक्या के पास वाहन असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

### जावद में वाहन ने मारी थी टक्कर, नीमच जिला अस्पताल में तोड़ा दम



नीमच। जावद थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना मेंढकी और बवाल के बीच शनिवार देर रात की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से हुए थे घायल

मृतक की पहचान मेंढकी निवासी कमलेश (34) पुत्र शंभूलाल भील के रूप में हुई है। कमलेश बीती रात अपनी बाइक से जा रहा था, तभी मेंढकी और बवाल के बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कमलेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गया।

### इलाज के दौरान मौत

राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस की मदद से कमलेश को तत्काल जावद शासकीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रात करीब 9 बजे उसे नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

### पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव

नीमच जिला अस्पताल में इलाज के बावजूद कमलेश की जान नहीं बचाई जा सकी और आज अल सुबह उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने रविवार को शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बाँड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST, Income Ta& ,Loan & Subsidy Services, Trust & Society Registration ,Startup Consultancy, Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306